# Commercial Engineers & Body Builders Co. Limited

...bodies in motion ...

AN ISO/TS 16949:2009 Company
CIN-L24231MP1979PLC049375

Regd. / Corp. Office : 48, Vandana Vihar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) INDIA
Email Id – cs@cebbco.com, Website – www.cebbco.com


**September 06, 2019**

To,

The Secretary,
Bombay Stock Exchange Limited,
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
**MUMBAI – 400 001**
**Fax No.022 2272 2061/022 2272 2041**

The Secretary
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No C/1 G Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
**Mumbai 400051**
**Fax No. 022-2659 8237/38, 66418124/25/26**

**Sub:- Publication of Notice , Remote E-Voting and Closure of Register of Members & Share Transfer Books**.

**Ref:- Scrip Code 533272** **NSE :- CEBBCO**

Dear Sir / Madam,

We have published the intimation regarding remote e-voting and notice of closure register of members and share transfer Book in Raj Express and Economic Times Newspaper (Jabalpur, M.P.) on 06.09.2019.

Please find enclosed herewith a copy of the paper cutting of the same.

This for your intimation and record

**For COMMERCIAL ENGINEERS AND BODY BUILDERS CO. LIMITED**

Amit K Jain
Company Secretary



राज एक्सप्रेस
बिजनेस

## पीएनबी के निदेशक मंडल ने विलय को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक के निदेशक मंडल ने ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और युनाइटेड बैंक ऑफइंडिया का उसके साथ विलय किए जाने को सैद्धांतिक तौर पर मंजूरी दे दी। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में इस विलय को मंजूरी दी गयी थी। यह बैठक वित्त मंत्रालय से तीनों बैंकों से विलय प्रस्ताव पर चर्चा करने का निर्देश मिलने के बाद बुलायी गयी थी। भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करने के बाद वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली वैकल्पिक व्यवस्था ने विलय पर आगे बढ़ने की अनुमति दे दी है। इसके अलावा पीएनबी के निदेशक मंडल ने तरजीही शेयर आवंटन करके सरकार द्वारा 18000 करोड़ रुपए की पूंजी डालने को भी मंजूरी दे दी।

Punjab National Bank

## एक्सप्रेस न्यूज

### आरबीआई के नए सर्कुलर से जल्द सस्ता होगा कर्ज

**नई दिल्ली।** रेपो रेट में कटौती का फायदा सीधा ग्राहकों को पहुंचाने के लिए रिजर्व बैंक ने बड़ा कदम उठाया है। रिजर्व बैंक ने सभी फ्लोटिंग रेट वाले लोन को एक्सटर्नल बेंचमार्क से लिंक करना अनिवार्य कर दिया है। इस खबर पर बात करते हुए सिटी यूनियन बैंक के एमडी और सीईओ डॉक्टर एन कामाकोडी ने कहा कि आरबीआई के इस फैसले से ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी। इनको दरों में कटौती का फायदा फटाफट होगा। उन्होंने आगे कहा कि आरबीई की दरें घटने के साथ ही सिटी यूनियन बैंक ने ब्याज दरों में पर्याप्त कटौती की है। हालांकि नकदी की दिक्कत की वजह से दरों में एग्रेसिव कटौती नहीं हुई है। आरबीआई के नए सर्कुलर के बाद कटौती जल्दी होगी।

### एलपीयू के होस्टल खरीदेगी ओयो

**जालंधर।** देश भर में होटल के कमरे बुक करवाने वाला स्टार्टअप ओयो लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी के होस्टल्स को खरीदने की योजना बना रहा है और इस संबंध में ओयो की एलपीयू के साथ बातचीत भी चल रही है। इस डील के लिए 200 मिलियन डॉलर करीब 1440 करोड़ रुपए की पेशकश की गई है। लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटीयों में से एक है। बताया जा रहा है कि लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी के प्रबंधन ने अपने विस्तार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए ओयो के साथ डील की बात शुरू की है। ओयो के अलावा एचडीएफसी और गुड होस्ट स्पेसिस व ब्लैक स्टोन भी एलपीयू के साथ इस बारे में बातचीत कर रहे हैं।

### इनवेंटरी ठीक करने के लिए प्रोडक्शन घटाया

**नई दिल्ली।** मारुति 7 सितंबर और 9 सितंबर को गाड़ियों का प्रोडक्शन नहीं करेगा। कंपनी का कहना है कि सेल कम होने की वजह से ये फैसला लिया गया है। कंपनी का कहना है कि प्रोडक्शन और सेल को बैलेंस करने के लिए ये फैसला लिया गया है। इससे पहले इसी साल फरवरी में इस तरह का फैसला लिया गया था जब कंपनी में उत्पादन ज्यादा हो गया था और सेल कम हो गई थी। कामगार यूनियन के महासचिव का मानना है कि इस मंदी के लिए नोटबंदी और जीएसटी कहीं ना कहीं जिम्मेदार है। कंपनी के मार्केटिंग एंड सेल्स के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर शशांक श्रीवास्तव का कहना है कि डिस्काउंट के चलते कंपनी के मार्जिन पर असर पड़ सकता है। गाड़ियों पर इस वक्त अच्छे डिस्काउंट दिए जा रहे हैं।

# फेस्टिव सीजन पर मंदी की छाया

## आर्थिक सुस्ती के बीच त्योहारी सीजन से बंधी उम्मीद



**नई दिल्ली।** गणेशोत्सव चल रहा है। त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है और देश की अर्थव्यवस्था सुस्त है। ऑटो सेक्टर काफी सुस्त है। अन्य सेक्टरों में भी कन्जम्प्शन ग्रोथ की रफ्तार काफी धीमी है, ऐसे में हर कोई फेस्टिव सीजन की ओर टकटकी लगाए बैठा है। हालांकि, यह नहीं कहा जा सकता कि फेस्टिव सीजन सुस्त बाजार को रफ्तार दे पाएगा या नहीं। देश के सर्विस सेक्टर की रफ्तार अगस्त में धीमी पड़ गई। इसके पीछे नई नौकरियों और प्रॉडक्शन में कम बढ़ोतरी प्रमुख कारण हैं। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति ने सितंबर में अपने दो प्लांट्स में दो दिनों को नो प्रॉडक्शन डे घोषित किया, क्योंकि बिक्री काफी कम हो गई है। उपभोग में कमी मौजूदा आर्थिक सुस्ती की सबसे बड़ी वजह है, जो आर्थिक विकास का सबसे बड़ा पहिया मानी जाती है। त्योहारों के मौसम में कन्ज्यूमर खर्च काफी बढ़ जाता है। त्योहारी सीजन में रिटेल कंपनियों ही अपनी सालाना बिक्री का एक तिहाई हिस्सा का आंकड़ा हासिल करती हैं। मांग में सुस्ती देखते हुए कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन निर्माता रिटेलर्स को रेकॉर्ड मार्जिन ऑफर कर रहे हैं, ताकि बिक्री को बूस्ट मिल सके।

### फेस्टिव सीजन तय करेगा सुस्ती

अभी तक सरकार यही कह रही है कि मौजूदा आर्थिक सुस्ती चक्रीय है। उदाहरण के तौर पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा कि हर साल सावन-भादो में सुस्ती रहती है। एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, हम यह नहीं जानते कि यह सुस्ती कितनी चक्रीय है और कितनी स्ट्रक्चरल, लेकिन अक्टूबर और नवंबर के महीने इकॉनामी के लिए काफी अहम होंगे। त्योहारी सीजन में अच्छी बिक्री इस बात का संकेत होगी कि सुस्ती चक्रीय है। यह इस बात का संकेत भी होगा कि हाल में सरकार और आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों का असर सुस्ती पर पड़ा है। हालांकि, अर्थव्यवस्था में हल्का सुधार उन इकॉनमिस्ट्स को सही साबित करेगा जो बार-बार कह रहे हैं कि यह स्लोडाउन स्ट्रक्चरल है और स्ट्रक्चरल स्लोडाउन को शॉर्ट-टर्म उपायों से आसानी से खत्म नहीं किया जा सकता।

### सुस्त इकॉनमी के लिए जीएसटी कट होगा अगला बूस्टर

गुड्स ऐंड सर्विसेज टैक्स जीएसटी काउंसिल की 20 सितंबर को होने वाली अहम मीटिंग से पहले फाइनैंस मिनिस्ट्री ने राजस्व के आंकड़ों पर गौर करना शुरू कर दिया है। मिनिस्ट्री यह देख रही है कि फेस्टिव सीजन में डिमांड बढ़ाने के इरादे से अगर जीएसटी रेट में कमी की जाती है तो राजस्व पर उसका कितना असर पड़ेगा।मामले से वाकिफ दो अधिकारियों ने ईटी को बताया कि रेट में बदलाव पर गौर करने वाले पैनल की जल्द बैठक हो सकती है, जो छि राज्यों और इंडस्ट्री की ओर से दिए गए सुझावों पर विचार करेगा। इस पैनल में केंद्र और राज्यों के अधिकारी हैं। ऑटोमोबाइल्स, टायर, सीमेंट, एयर कंडिशनर और बड़े एलसीडी टीवी को अभी 28 प्रतिशत ब्रैकेट में रखा गया है। ऑटोमोबाइल्स पर सेस भी लगता है, जो गाड़ी के साइज पर निर्भर करता है।

### राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से चूक सकती है सरकार

भारत में आर्थिक मंदी से निपटने के लिए मोदी सरकार लगातार कड़े फैसले ले रही है। लेकिन पूरे विश्व में आर्थिक मंदी के कारण अर्थव्यवस्था रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है और आने वाले दिनों में देश की अर्थव्यवस्था और खराब हो सकती है। खबरों के मुताबिक मंदी के दौर में सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में अपने राजकोषीय घाटे को काबू में रखने के लक्ष्य से चूक सकती है। टैक्स कलेक्शन में कमी को देखते हुए सरकारी अधिकारियों का कहना है कि भले ही सरकार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से अतिरिक्त लाभांश मिल गया हो लेकिन अर्थव्यवस्था इतने भर से सुधर जाए ऐसे संकेत नहीं मिल रहे हैं। मालूम हो कि इस साल जून में खत्म हुई तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर पिछले 6 साल में सबसे कम पांच फीसदी रही है। मंदी से निपटने के उपायों के बीच सरकार साल 2019 के अंत तक राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 3.3 फीसदी से बढ़ाकर 3.5 फीसदी कर सकती है। सरकार की कुल आय और व्यय में अंतर को राजकोषीय घाटा कहा जाता है। अगस्त में जीएसटी कलेक्शन घटकर एक लाख करोड़ रुपए से नीचे 98202 करोड़ रुपए आ गया। वहीं जुलाई में टैक्स कलेक्शन 1.02 लाख करोड़ रुपए रहा था।

### इकॉनामी को बूस्ट करने के कई सुझाव

कुछ राज्यों ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि ऑटोमोबाइल्स और सीमेंट पर रेट घटाना चाहिए ताकि इकॉनामी को सहारा दिया जा सके। कुछ राज्यों की राय यह है कि रेट स्ट्रक्चर की ही समीक्षा की जरूरत है, मसलन 12 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के स्लैब्स को मिलाकर एक कर दिया जाना चाहिए। काउंसिल की गोवा में होने वाली मीटिंग में अहम मुद्दा ऑटोमोबाइल्स पर रेट कट का होगा। हालांकि इस मसले पर राज्यों में मतभेद भी हैं।

## जेएसडब्ल्यू की 19700 करोड़ की बोली मंजूर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण एनसीएलटी ने कर्ज के बोझ से दबी भूषण पावर एंड स्टील लिण् बीपीएसएल के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील की 19700 करोड़ रुपए की निपटान योजना को मंजूरी दे दी। एनसीएलटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एमएम कुमार की अगुवाई वाली दो सदस्यीय प्रधान पीठ ने कहा कि बीपीएसएल के प्रवर्तकों द्वारा कोष से धन को इधर उधर करने को लेकर दायर आपराधिक मामलों से नई प्रवर्तक के रूप में जेएसडब्ल्यू स्टील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। न्यायाधिकरण ने कहा कि दिवाला अवधि के दौरान बीपीएसएल द्वारा कमाए गए मुनाफे को एनसीएलएटी द्वारा आर्सेलर मित्तल मामले में दी गई व्यवस्था के अनुरूप भूषण पावर के ऋणदाताओं में बांटा जाएगा।

## 59 मिनट में मिलेगा व्यक्तिगत व आवास ऋण

### एमएसएमई को आसानी से कर्ज देने नई पहल

**नई दिल्ली।** देश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को सरलता से ऋण उपलब्ध कराने के लिए शुरू किये गये प्लेटफॉर्म पीएसबी लोन्स इन 59 मिनट डॉटकॉम ने अब आवास और व्यक्तिगत ऋण ग्राहकों के लिए सैद्धांतिक रूप से रिटेल ऋण की सैद्धांतिक मंजूरी देने की प्रक्रिया लॉन्च की है। इसके तहत आवेदक अब एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के 19 बैंकों के माध्यम से 59 मिनट के भीतर ऋणों के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहकों को इस डिजिटल प्रक्रिया में बैंक चुनने के लिए कई विकल्प मिलेंगे। इस तरह कर्ज लेने के इच्छुक लोगों को



घर और व्यक्तिगत ऋण के लिए त्वरित और परेशानी मुक्त पहुंच हासिल होगी, चाहे बैंकों की उपलब्ध सूची के साथ उनका बैंकिंग और वित्तीय संबंध हो या नहीं। एमएसएमई के लिए नवंबर 2018 में लॉन्च होने के बाद से यह प्लेटफॉर्म ऋण सेगमेंट में क्रांतिकारी परिवर्तन बदलाव लाया है तथा आने वाले दिनों में इस पोर्टल के माध्यम से और अधिक उत्पादों को जारी करने की उम्मीद है।

## पेट्रोल-डीजल के वाहनों पर प्रतिबंध का कोई इरादा नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि पेट्रोल-डीजल के वाहनों को प्रतिबंधित करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम की 59वीं वार्षिक बैठक को संबोधित करने के बाद गडकरी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वाहनों को प्रतिबंधित करने के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गयी है और न ही ऐसा करने का सरकार का कोई इरादा है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सरकार बिजली तथा वैकल्पिक ईंधनों से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है क्योंकि देश पर पेट्रोलियम आयात का सात लाख करोड़ रुपये का सालाना बोझ पड़ता है। साथ ही प्रदूषण की गंभीर समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि मौजूदा आँकड़ों से यह स्पष्ट है कि वाहन उद्योग इस समय समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने उद्योग को सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिलाया।

## धोलीमूसली में मंदी का रुख

**इंदौर।** धोलीमूसली में मांग कम होने से कीमतों पर दबाव देखा जा रहा है। इसके चलते दाम घटकर 650-725 रु किलो के रह गए। थोक किराना बाजार सियागंज ड्रायफ्रूट्स पर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित मंडी शुल्क के विरोध में दोपहर 3 बजे तक बंद रहा। इस दौरान प्रदेशभर के व्यापारियों का एक सम्मेलन इंदौर में हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से मप्र स्तर पर संगठन बनाने के लिए सात सदस्यीय कमेटी बनाई गई, जो आगे की रणनीति तय करेगी। दोपहर बाद ग्राहकी का दायरा कमजोर था। शकर 3480-3540 रु बताई गई। नारियल एक गाड़ी आवक के बीच सामान्य था। जीरे में मांग समर्थन कमजोर होने से दाम पूर्वस्तर पर सामान्य थे।

### नया मूंग 5800 रु क्विंटल बिका

**इंदौर।** मंडी में दो लाटों में निमाड़ से 101 कट्टे नई मूंग की आवक धर्मदास मेहबूब मल के यहां हुई, जिसे बालाजी पल्सेस ने दलाल खंडेलवाल के मार्फत 5800 रु पर खरीदा। जूना मूंग करीब 500-600 कट्टे आया, जो किस्मानुसार 5200-5700 रु बताया गया। मंडी में कमजोर कामकाज के बीच दलहन में मंदी का रुख जारी था। इसके चलते चना कांटा 4100-4110, मसूर 4000-4025, मूंग नया 5800, जूना 5200-5700 रु था। उड़द 5000-5200, एवरेज 4200-4600, तुवर सफेद 5675-5700, एवरेज 5200-5400 रु थी। डॉलर चना आवक करीब 3000 बोरी के बीच दाम मंडी में 4000-5200, निर्यात सौदों में 42-44 काउंट 5600, 44-46 काउंट 5400, 58-60 काउंट 4800 रु था। मांग अभाव के बीच तुवर दाल 100 रु घटकर 6800-8400 व उडद दाल घटकर 5300-5600 रु रह गई।

**साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

क्रमांक एसईसीएल/महाप्र./जोहिला क्षेत्र/भू–राजस्व/2019/428 दिनांक 16.07.2019

**आम सूचना**

इस प्रकाशन के माध्यम सू यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल जोहिला क्षेत्र के अंतर्गत विंध्या कालरी के डि–पिलरिंग ब्लाक फेज 2 के लिए अधिग्रहित भूमि से प्रभावित भू–स्वामियों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार का एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु मुख्यालय, बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

| S.NO | Name as per Descending Order List [Land Owner on date of saction 9(1)] | Name as per P-II & B-1, Statement 1A [Land Owner on date of compensation assessment] | Name of PAP Proposed for Employment | | Document | Name | Remark (DOB & EMP REGISTRATION NO) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रेमलाल पिता अंगद सिंह जाति राठौर ग्राम–महुरा खसरा नं 251/2/ख, 334/2/ख/2 (P) कुल रकबा 0.91 एकड़ | प्रेमलाल पिता अंगद सिंह जाति राठौर | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | 1 | आधार कार्ड | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | जन्मतिथि |
| | | | | 2 | मतदाता परिचय पत्र | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | 20-Jul-1990 |
| | | | | 3 | शिक्षा प्रमाण पत्र | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | |
| | | | | 4 | रोजगार पंजीयन | संजू सिंह | 00043201803513 |
| | | | | 5 | जाति प्रमाण पत्र | निरंक | |
| | | | | 6 | निवास प्रमाण पत्र | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | |
| | | | | 7 | वंशवृक्ष | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | |
| | | | | 8 | राशनकार्ड | संजू सिंह पिता प्रेमलाल सिंह | |
| 2 | कल्लू,मोल्ला रमोले पि. चुल्लू जाति कोल ग्राम– डगडौआ खसरा नं. 323/3/ख कुल रकबा 0.50 एकड़ | कल्लू,मोल्ला रमोले पि. चुल्लू जाति कोल | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | 1 | आधार कार्ड | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | जन्मतिथि |
| | | | | 2 | मतदाता परिचय पत्र | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | 2-Jul-1997 |
| | | | | 3 | शिक्षा प्रमाण पत्र | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | |
| | | | | 4 | रोजगार पंजीयन | लालमन कोल | 00043201702600 |
| | | | | 5 | जाति प्रमाण पत्र | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | |
| | | | | 6 | निवास प्रमाण पत्र | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | |
| | | | | 7 | वंशवृक्ष | लालमन कोल पिता मोल्ला कोल | |
| | | | | 8 | राशनकार्ड | लालमन पिता मोल्ला कोल | |

अतः किसी भी सम्बधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूना नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में, इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा–आपत्ति मान्य नही होगा और ना ही स्वीकार किया जाएगा।

S-22565/19 क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसईसीएल, जोहिला क्षेत्र

एन सी एल NCL **नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

**निविदा सूचना**

(1) जयंत परियोजना में रोज गार्डन के पास सामुदायिक स्थान पर क्षतिग्रस्त नाली के मरम्मत और अन्य विविध विकास कार्य (2) जयंत क्षेत्र की टाउनशिप में सेक्टर II में 62 ब्लॉक एमक्यू क्वार्टरों (128 यूनिट) और सेक्टर III में 2 ब्लॉक डी टाइप (4 यूनिट) क्वार्टरों में छत के रिसाव को रोकने के लिए सीपेज नियंत्रण उपचार का कार्य के साथ साथ मौजूदा ईंट मेसनरी टैंक को नष्ट करने का कार्य (3) जयंत परियोजना में गोल मार्केट के पास खाली पडी जमीन के चारों ओर बाउंड्री वॉल प्रदान करने का कार्य और अन्य विविध कार्य (4) जयंत परियोजना में खेल अकादमी में बास्केट बॉल कोर्ट, वाली बॉल कोर्ट पैरेलल और पुष्प बार्स आदि सहित अन्य कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति के अंतर्गत खुली निविदा सं. (1) जे.एन.टी./सी.ई.डी/जी.एम/टेंडर/33/19-20/एन.ई.टी.एन.-138 (2) जे.एन.टी./सी.ई.डी/जी.एम/टेंडर/33/19-20/एन.ई.टी.एन.-139 (3) जे.एन.टी./सी.ई.डी/जी.एम/टेंडर/33/19-20/एन.ई.टी.एन.-140 (4) जे.एन.टी./सी.ई.डी/जी.एम/टेंडर/33/19-20/एन.ई.टी.एन.-141 सभी दिनांक 03.09.2019 आमंत्रित की जाती है जिसका अनुमानित मूल्य : (1) रु.77,93,871.11 (2) रु.70,95,015.28 (3) रु.68,66,361.47 (4) रु. 42,78,589.97 एवं खुलने की तिथि : (1), (2), (3) 20.09.2019 (4) 17.09.2019 है।

निगाही क्षेत्र में 730 दिनों के लिए म.प्र.परमिट के साथ 24 घंटे पर 01 नं. डीजल कार (इंडिगो/इटियोस/स्विफ्ट डिसाइर/समतुल्य) भाड़े पर चलाने हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति के अंतर्गत खुली निविदा संख्या निगाही/विएंडयां/ई-निविदा/19-20/73 दिनांक 02.09.2019 नि.प.स. 2019_NCL_148907_1 आमंत्रित की जाती है जिसका अनुमानित मूल्य : रू.9,27,100.00 एवं खुलने की तिथि : 21.09.2019 है।

अमलोरी परियोजना के 24/96 "अक्षय", एक्स-1725 ड्रगलाइन मशीन में टब के नीचे के भाग में 01 सेट (29 नम्बर) बाटम वीयर प्लेट्स (पार्ट नम्बर 23002G2601) लगाने / वैल्डिंग के कार्य हेतु ई–प्रोक्योरमेंट पद्धति के अंतर्गत खुली निविदा संख्या एएमएल/इएक्ससीवी/इटीएन/वेब-एनआईटी/19-20/34 दिनांक 03.09.2019 आमंत्रित की जाती है जिसका अनुमानित मूल्य : रू5,48,994.00 (जीएसटी छोड़कर) एवं खुलने की तिथि 21.09.2019 है।

**नोट:- उपरोक्त निविदा(ओं) को कोल इण्डिया लिमिटेड (CIL) की वेबसाइट : https://coalindiatenders.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है। प्रत्याशित बोलीदाता उक्त वेबसाइट के जरिये उपरोक्त निविदा (ओं) में शामिल हो सकते हैं। उपरोक्त निविदा (ओं) की पूर्ण जानकारी वेबसाइट : "nclcil.in" या "eprocure.gov.in" या "tenders.gov.in" पर भी उपलब्ध है।"**

R- 68

**कमर्शियल इंजीनियर्स एण्ड बाडीबिल्डर्स क0 लि0**
पंजीकृत कार्यालय – वन्दना विहार, 48 नर्मदा रोड, जबलपुर, म.प्र. 482001
CEBBCO ...bodies in motion...
CIN: L24231MP1979PLC049375
फोन 0761 - 2661336
वेबसाइट: www.cebbco.com, ईमेल: cs@cebbco.com

**वार्षिक साधारण आम सभा**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कमर्शियल इंजीनियर्स एण्ड बाडीबिल्डर्स क0लि0 (कम्पनी) के सदस्यों की वार्षिक साधारण आम सभा (ए.जी.एम) 28 सितम्बर 2019 शनिवार को 11 बजे प्रातः से होटल समडारीया, डॉ. बराट रोड, रसेल चौक, जबलपुर (म.प्र.) में आयोजित की जायेगी।

सभा में किये जाने वाले व्यवसायों को निर्दिष्ट करने वाले, सभा की सूचना व्याख्यात्मक बयान, उपस्थिति पत्र व प्राक्सी फार्म सभी सदस्यों को उनके डिपाजिटरी पार्टिसिमेंट/कम्पनी के साथ पंजीकृत ई–मेल आईडी पर तथा अन्य सदस्यों को व्यक्तिगतरूप से 05.09.2019 तक भेजा जा चुका है।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 तथा सिक्योरिटीज एवं एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया (लिस्टिंग आबिलगेशन एवं डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट रेगुलेशंस) 2015 के रेगुलेशन 44 के तहत कम्पनी अपने सदस्यों को वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना में निर्देशित सभी विषयों पर कार्वी फिनटेक प्रा0लि0 द्वारा उपलब्ध कराई गई ई वोटिंग सेवाओं के माध्यम से वार्षिक साधारण आम सभा के स्थान के अलावा अन्य स्थान से (रिमोट ई वोटिंग) ई वोटिंग सेवाओं के माध्यम से इलेक्ट्रानिक रूप से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध करा रही है।

रिमोट ई वोटिंग बुधवार 25 सितम्बर 2019 प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होकर शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 सायं 5:00 पर समाप्त होगी।

ऐसे सदस्य जिन्होने सभा से पूर्व रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से अपना वोट कर दिया है वे भी सभा में उपस्थित हो सकते हैं किन्तु उन्हें पुनः वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। वे सदस्य जिनका नाम शनिवार 21 सितम्बर 2019 (कट ऑफ तिथि) को कम्पनी के सदस्य रजिस्टर में दर्ज होगा वे इलेक्ट्रानिक मतदान तथा मतपत्र द्वारा सभा में मतदान कर सकते हैं।

जिन सदस्यों ने वार्षिक साधारण आम सभा की सूचना भेजे जाने के पश्चात तथा 21 सितम्बर 2019 (कट आफ तिथि) सोमवार के बीच कम्पनी के शेयर खरीदे हैं तथा कम्पनी की सदस्यता प्राप्त की है वे ई वोटिंग के लिए यूजर्स आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए **evoting@karvy.com** पर या **cs@cebbco.com** पर ईमेल भेज सकते हैं।

कार्वी फिनटेक प्रा0लि0 द्वारा 27 सितम्बर 2019 शुक्रवार को शाम 6:00 बजे ईवोटिंग मोडयूल बन्द कर दी जायेगी।

एजीएम के स्थान पर भी मत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जायेगी। रिमोट ईवोटिंग द्वारा पहले मतदान न करने वाले, ए.जी.एम. में उपस्थित सदस्य ए.जी.एम. में मतदान का अपना अधिकार जता सकते हैं।

निर्धारित अंतिम तिथि– 21 सितम्बर 2019 शनिवार को जिन सदस्यों का रजिस्टर या कार्वी द्वारा निर्मित बेनिफिशियल ओनर के रजिस्टर में नाम दर्ज है, वे सदस्य ही केवल रिमोट ईवोटिंग एवं ए.जी.एम. में मतदान की सुविधा प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे।

कम्पनी ने कम्पनी सचिव श्री एस.के. गुप्ता (FCS-2589) तथा सुश्री दिव्या सक्सेना (FCS-5839) प्रेक्टिसींग कम्पनी सचिव एवं मेसर्स एस.के. गुप्ता एण्ड कम्पनी, कम्पनी सचिव कानपुर के पार्टनर्स को मतदान प्रक्रिया को सही एवं पारदर्शी रूप से संचालित एवं सम्पन्न करने के लिए स्क्रूटनाइजर एवं द्वितीय स्क्रूटनाइजर के रूप में नियुक्त है।

वार्षिक साधारण आम सभा (ए.जी.एम.) के सूचना की प्रतिलिपि कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय कम्पनी के वेबसाइट **www.cebbco.com** और कार्वी की वेबसाइट **https://evoting.karvy.com** पर उपलब्ध है। इलेक्ट्रानिक माध्यम से वोटिंग सुविधा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु सदस्य श्री अमित कुमार जैन, कम्पनी सचिव, से फोन नं0–8109990420, ईमेल– **cs@cebbco.com** या **evoting@karvy.com** पर सम्पर्क कर सकते हैं। ईवोटिंग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु सदस्य वेबसाइट **www.evoting.karvy.com** पर उपलब्ध Help & FAQ सेक्सन से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**बुक क्लोजर**

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 कम्पनी (प्रवधान एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 10 और सिक्यूरिटिज और एक्सचेंज बोर्ड आफ इण्डिया (लिस्टिंग आब्लिगेशन एण्ड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशनस 2015 के रेगुलेशन 42 के तहत सूचना दी जाती है कि कम्पनी के वार्षिक साधारण आम सभा (ए.जी.एम.) हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तिका बुधवार 25 सितम्बर 2019 से शनिवार 28 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिनों का अंतर्भाव) बन्द रहेंगे।

कमर्शियल इंजीनियर्स एण्ड बाडीबिल्डर्स क0 लि0 की तरफ से
अमित कुमार जैन
कम्पनी सचिव

दिनांक: 05.09.2019
स्थान: जबलपुर

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर (म.प्र.)**
Email-srp_jabalpur@mppolice.gov.in
srpjbpcr@gmail.com

**सीमित निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि रेल पुलिस इकाई जबलपुर के सीसीटीएनएस लैब एवं मीटिंग हॉल व अन्य सभाऐं संबोधित करने हेतु माईक ऑडियो सिस्टम विथ साउण्ड सिस्टम अन्य सह उपकरण का क्रय एवं स्थापन सीमित निविदा के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। निविदा, विज्ञापन जारी दिनांक से मान्य होकर अंतिम दिनांक 07 दिवस में जमा की जा सकेगी। निविदा प्रपत्र एवं अधि जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखित कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| कार्य का विवरण | मेक | माडल | विवरण | संख्या | सुरक्षा निधि | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सीसीटीएनएस लैब एवं मीटिंग हॉल व अन्य सभाऐं संबोधित करने हेतु माईक ऑडियो सिस्टम विथ साउण्ड सिस्टम के स्थापित किया जाना । | BOSCH | BOSCCSECML CCS700 | Conference Chirman Unit | 01 नग | 10000/– | 15 दिवस |
| | BOSCH | BOSCCSECU | CCS700 Conference Controller Unit | 01 नग | | |
| | BOSCH | BOSCCSEDL | CCS700 Conference Delegate Unit | 09 नग | | |
| | BOSCH | BOSLBD3902D | 6W Wooden Box Cabinet Speaker New | 06 नग | | |
| | BOSCH | BOSPLN1AIO090IN | Plena 90W all in one amplifire | 01 नग | | |
| | MIPRO | MISMR515L | Wireless Kit with receiver and Cardio Lavaliere mic Collar Mic | 01 नग | | |
| | | Installation Charges with Cables and Connectors | | 01 नग | | |

पुलिस अधीक्षक (रेल)
जबलपुर

G-16076/19
प्लास्टिक से तिरंगे का निर्माण पर्यावरण को नुकसान

**संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, म0प्र0**
email ID-esiind@mp.gov.in/0731-2556064,2550960,2552701

**जैनरिक औषधि ई-निविदा-सूचना**

निविदा क्रमॉक 1/2019/8109 कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, म.प्र. के अन्तर्गत बीमित मरीजों के लिये प्रतिदिन क्रय की जाने वाली जैनरिक ओषधियॉ प्रदाय हेतु वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये निम्नलिखित केन्द्रों एवं संलग्न चिकित्सालय पर केमिस्ट का अनुबन्ध किया जाना है, जिसके लिये केन्द्र स्तर पर स्थानीय निविदाकारों/फर्मो से (जो उसी स्थान पर स्थापित एवं संचालित है) ई-निविदा mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। इस हेतु संबंधित ई-निविदा प्रपत्र (शर्तों एवं नियमों सहित) निर्धारित शुल्क रूपये 1000/- ऑनलाईन नेट बैंकिंग NEFT चालान जनरेट करते हुये mptenders.gov.in पर जमा करते हुये दिनांक 7.9.2019 से 27.9.2019 तक Online प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27.9.2019

*स्थान जिसके लिये ई–निविदा प्रस्तुत की जाना है ।*

| स्थान | जावक/ एनआईटी कमॉक. | स्थान | जावक/ एनआईटी कमॉक. | स्थान | जावक/ एनआईटी कमॉक. | स्थान | जावक/ एनआईटी कमॉक. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्दौर | 8064 | रतलाम | 8070 | मालनपुर | 8076 | कटनी | 8082 |
| बुरहानपुर | 8065 | नागदा | 8071 | भोपाल | 8077 | अमलाई | 8083 |
| पीथमपुर | 8066 | मन्दसौर | 8072 | मण्डीदीप | 8078 | सतना | 8084 |
| महू | 8067 | नीमच | 8073 | इटारसी | 8079 | सागर | 8085 |
| देवास | 8068 | ग्वालियर | 8074 | जबलपुर | 8080 | — | — |
| उज्जैन | 8069 | बॉमौर | 8075 | निवार | 8081 | — | — |

इस निविदा के संबंध में सर्वाधिकार संचालक, कर्मचारी राज्य बीमा सेवाऐंके पास सुरक्षित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। समाचार पत्रों में इसकी पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी।

संचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें

G-16047/19
प्लास्टिक से तिरंगे का निर्माण पर्यावरण को नुकसान


THE ECONOMIC TIMES | NEW DELHI / GURGAON | FRIDAY | 6 SEPTEMBER 2019 | WWW.ECONOMICTIMES.COM



**EYEING REVIVAL** Pinning hopes on good kharif crop & govt measures, cos are expanding rural reach and organising events like village melas to push sales

# Watching the Rain Fall, Auto Inc Heads to Rural India

Sharmistha.M@timesgroup.com




**New Delhi:** Automakers are turning to rural India to revive sales amid a protracted slowdown in the market. With vehicle sales crashing at the sharpest rate in nearly two decades, Maruti Suzuki, Hyundai Motor India, Mahindra & Mahindra, Toyota Kirloskar and others are working aggressively on expanding rural sales and service outlets.

They are also organising special events like 'gramin mahotsavs' (village festivals), offering attractive financing schemes and exchange deals to draw in consumers in rural areas, where good rains since July have raised hopes of a bumper harvest and faster recovery in the economy.

A good kharif crop and budget push towards investments in rural areas should help boost the economy and demand for automobiles, said Shashank Srivastava, Maruti Suzuki's executive director for marketing and sales. "We have seen an uptick in enquiries, especially for petrol vehicles, which is the first sign of some revival in these markets."

At market leader Maruti Suzuki, rural sales dropped 16% in the first four months of the fiscal year, but that was slower than the 25% fall in overall volume. Rural markets contribute 38% to Maruti Suzuki's sales.

In fact, the rural push doesn't seem to be triggered just by the slowdown, as industry executives expect markets outside big cities to drive much of the sales in future.

It is "the market of the future", said Renault India managing director Venkatram Mamillapalle, adding: "The young generation in cities is moving towards ride hailing rather than owning a car."

He expects the first sign of good news to emanate from the rural markets. "After demonetisation, we have seen a downturn in the real estate sector and, slowly, it is coming back and it has started to revive in towns and not the big cities," Mamillapalle said. "So, the first reflection of revival is in the rural towns."

For almost all automakers, rural demand has indeed slowed down, but for most, that has not been as worse as in big cities.

At Toyota Kirloskar, the fall in sales in non-metro areas was 6% slower than that in metro areas in the four months from April 1. Buyers in non-metro areas outnumber those in the big cities for the newly launched Glanza hatchback, deputy managing director N Raja said.

## Revival Just Around the Corner: Merc

**New Delhi:** Mercedes-Benz India, the top luxury-car company in the country, believes that the market has bottomed out and that a revival is on the anvil.

With the market facing severe liquidity challenges, the local unit of the German automaker has infused more than ₹100 crore in dealers to recapitalise their inventory and support working capital.

While the company said it would be a challenge to maintain last year's number in 2019, Mercedes-Benz India is confident of returning to double-digit growth in 2020 with it planning more than a dozen product launches and upgrades, managing director Martin Schwenk said.

Mercedes-Benz had scaled down its business plans for India, but Schwenk said it had not stopped any investment. On the contrary, it is hiring and adding more products and network to expand the reach and boost the customer base, he said. In the last six months dealers have invested over ₹50 crore in setting up of new facilities.

"The premium and luxury car market can't remain in the slowdown for long. I am sure it is a temporary phenomenon. I am confident that growth will be back in the next couple of months," Schwenk told ET on the sidelines of an industry event. "Next year this time we will be in a very different situation." — **Ketan Thakkar**

TODAY ON ETPrime.com

### All Eyes on the Moon

Success in the moon mission will bring long-term advantages in strategic sciences and geo-politics, with benefits in terms of energy security, space mining & exploration.

### Tech of the Trade

Traders who entered the ring around the turn of the century have witnessed how technology has taken over financial markets. From an obscure era of open outcry to writing algorithms in plain English, technology has literally rewritten the rules of the game in favour of the retail trader.

